


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, गुरुवार, 16 अप्रैल-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 197 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# सरकार का प्रस्ताव मंजूर नहीं

## महिला आरक्षण बिल और परिसीमन विधेयक पर सदन में महाबहस

### ● विपक्ष ने सरकार के प्रस्ताव को संविधान विरोधी बताया



**नई दिल्ली।** देश की चुनावी और प्रशासनिक व्यवस्था में बड़े बदलावों से जुड़े संविधान (131वां संशोधन) विधेयक 2026 और परिसीमन विधेयक 2026 को लेकर संसद में सियासी घमासान तेज हो गया है। इसी बीच संसद के विशेष सत्र की कार्यवाही जोरदार हंगामे के साथ शुरू हुई। सत्र की शुरुआत में ही सरकार ने तीन अहम विधेयकों को लोकसभा में पेश करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने ने संविधान (131वां संशोधन) विधेयक 2026 और परिसीमन विधेयक 2026 को सदन में पेश करने का प्रस्ताव रखा। इसके साथ ही दूसरी ओर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक 2026 को पेश करने का प्रस्ताव दिया। प्रस्ताव रखने के साथ ही संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने आ गए हैं। विपक्ष ने इन प्रस्तावों पर आपत्ति जताई, जबकि सरकार का कहना है कि ये बदलाव देश की चुनावी व्यवस्था और प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने के लिए जरूरी हैं।

### मल्लिकार्जुन का केंद्र पर बड़ा हमला

नई दिल्ली। लोकसभा में संवैधानिक संशोधन विधेयक पेश किए जाने के बाद, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को कहा कि विपक्ष महिला आरक्षण के नाम पर पेश किए गए परिसीमन विधेयक का एकजुट होकर विरोध कर रहा है। खरगे ने पोस्ट किया कि विपक्ष संसद को महिला आरक्षण के नाम पर पेश किए गए दोषपूर्ण परिसीमन विधेयकों के प्रभाव में नहीं आने देगा। हम लोकतंत्र पर इस कुटिल हमले का पूरी ताकत से मुकाबला करेंगे।

### नारी को नारे की तरह इस्तेमाल करना चाहती है सरकार : अखिलेश

अखिलेश यादव ने लोकसभा में बोलना शुरू किया। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए पूछा कि भाजपा-शासित राज्यों में कितनी महिला मुख्यमंत्री हैं? 'भाजपा अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए महिलाओं के नारे का इस्तेमाल करना चाहती है। जिस पार्टी ने अपने ही संगठन में महिलाओं को पर्याप्त जगह नहीं दी है वह उनकी गरिमा और सम्मान कैसे सुनिश्चित करेगी?'

### महिला बिल के नाम पर किया जा रहा दिखावा

महिला आरक्षण बिल पर कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी ने कहा, 'यही लोग महिलाओं का शोषण करते हैं। महिलाओं के नाम पर वे ऐसा दिखावा कर रहे हैं जैसे वे हम पर कोई एहसान कर रहे हों। जो महिलाएं अभी संसद में हैं, उनसे कोई चर्चा नहीं की गई। किसी को बुलाया नहीं गया, न ही किसी तरह की बहस हुई।' गौरव गोगोई ने कहा, 'यह कोई महिला आरक्षण बिल नहीं है। जिस पर महिला कोटे का लेबल लगा दिया गया है। यह शर्मनाक है कि राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को छिपाने के लिए महिला आरक्षण का इस्तेमाल किया जा रहा है।'

## बिहार में 28 साल बाद इंसाफ

### ● बहुचर्चित अररिया हत्याकांड में 15 दोषियों को आजीवन कारावास
### ● छह आरोपियों की हो चुकी है मौत



**अररिया।** बिहार के अररिया जिले में वर्ष 1998 के बहुचर्चित हत्याकांड में करीब 28 साल बाद अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय ने 15 आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक दोषी पर 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। जुर्माना नहीं देने पर छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। यह मामला पलासी थाना क्षेत्र के कुमिहया रामनगर टोला से जुड़ा है। तीन मई 1998 को डेंगा चौक स्थित एक दुकान पर विवाद के दौरान हिंसा भड़क गई। बीच-बचाव करने पहुंचे अलीमुद्दीन पर 30-40 लोगों की भीड़ ने दबिया, फरसा और लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में 21 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। लंबी सुनवाई के दौरान 6 आरोपियों की मृत्यु हो गई, जबकि शेष 15 को अदालत ने दोषी ठहराया।

## नक्सलियों के हमले में इंस्पेक्टर सहित पांच जवान घायल



**रांची।** झारखंड के अति नक्सल प्रभावित सारंडा जंगल क्षेत्र में सुरक्षा बलों के खिलाफ एक बड़ा हमला हुआ है। मनोहरपुर प्रखंड अंतर्गत छोटानागरा थाना क्षेत्र के बालिबा गांव के पास चडराडेरा में नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी विस्फोट में पांच जवान घायल हो गए। इस घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल है। घटना की पुष्टि चाईबासा के एसपी अमित रेणु ने की है। उन्होंने बताया कि यह हमला नक्सलियों की सुनियोजित साजिश का हिस्सा प्रतीत होता है। सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है और अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई है। घायल जवानों को तत्काल एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। गंभीर रूप से घायल जवानों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि अन्य का इलाज स्थानीय स्तर पर किया जा रहा है।

### 500 झुग्गियों में लगी भीषण आग, एक-एक कर फटे सिलिंडर

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के कनवानी गांव में बृहस्पतिवार दोपहर करीब 12 बजे अचानक भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में 500 से अधिक झुग्गियां देखते ही देखते जलकर राख हो गईं। आग की लपटें इतनी विकराल थीं कि दूर से ही दिखाई दे रही थीं, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग लगने के तुरंत बाद झुग्गियों में रखे रसोई गैस सिलिंडर एक-एक करके फटने लगे। इन धमाकों की आवाज से पूरा क्षेत्र दहल उठा और लोगों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल और दमकल विभाग की कई टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने बिना देरी किए आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। आग पर काबू पाने के लिए दर्जनों दमकल गाड़ियां लगाई गई हैं।

### टीसीएस नासिक में यौन उत्पीड़न विवाद के बाद ऑफिस बंद

**मुम्बई।** महाराष्ट्र के नासिक स्थित टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज़ (TCS) के बीपीओ (BPO) सेंटर में चल रहे गंभीर विवाद के बाद कामकाज को अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। यौन शोषण, मानसिक प्रताड़ना और जबरन धर्मांतरण के चौंकाने वाले खुलासों के बाद, कंपनी ने गुरुवार को निर्देश जारी किया कि सभी कर्मचारी अगले आदेश तक घर से काम (Work From Home) करेंगे। TCS सेंटर तब जाँच के दायरे में आया जब एक बड़ा घोटाला सामने आया, जिसमें यौन शोषण, मानसिक उत्पीड़न और धार्मिक दबाव के आरोप लगे थे। कम से कम आठ महिला कर्मचारी सामने आई हैं, जिन्होंने कई सालों से चले आ रहे यौन उत्पीड़न और ज़बरन धर्मांतरण के पैटर्न का आरोप लगाया है। यह भी दावा किया गया है कि स्टाफ़ पर उनकी मर्ज़ी के खिलाफ़ कुछ खास तरह का खाना खाने और धार्मिक रीति-रिवाजों में हिस्सा लेने का दबाव डाला जाता था।

### पुलिस की सरपरस्ती में इमामबाड़ा और ईदगाह पर चला बुलडोजर

**संभल।** कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव बिछौली में सरकारी खाद के गड्ढों व पशुचर की भूमि पर अवैध निर्माण करके ईदगाह व इमामबाड़ा बना लिया गया था। कीब तीन माह पहले पैमाइश के बाद नोटिस जारी किए गए, लेकिन किसी ने कोई जवाब नहीं दिया। ऐसे में तहसीलदार न्यायालय की ओर से बेदखली के आदेश दे दिए गए थे। गुरुवार की सुबह को राजस्व विभाग की टीम भारी पुलिस बल व पीएसी जवानों के साथ गांव में पहुंची। जहां चार बुलडोजर की मदद से अतिक्रमण को ध्वस्त करने का काम शुरू कर दिया गया। क्षेत्र के चंदौसी मार्ग स्थित गांव बिछौली में गुरुवार की सुबह को एसडीएम निधि पटेल के निर्देशन व नायब तहसीलदार दीपक जुरैल के नेतृत्व में दो राजस्व निरीक्षक व सात लेखपालों की टीम पहुंची।

### लकवाग्रस्त मां से परेशान बेटे ने उठाकर फेंक दिया चौथी मंजिल से

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु के आरआर नगर में एक 42 साल के व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी बुजुर्ग मां को अपने घर की चौथी मंजिल से धक्का देकर मार डाला। पीड़ित महिला की पहचान 72 वर्षीय सावित्रम्मा के रूप में हुई है। वह लकवे से पीड़ित होने के कारण पिछले 4-5 सालों से बिस्तर पर थीं। आरोपी की पहचान वेंकटेश के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि उसने ऐसा अपनी मां की लंबे समय से चल रही बीमारी से परेशान होकर किया।

### तेलंगाना और कर्नाटक से चलकर नोएडा तक पहुंची थी आंदोलन की आंधी

**नोएडा।** नोएडा में हुए बवाल में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है।टेलीग्राम ग्रुप और व्हाट्सएप पर आए मैसेज से प्रदर्शन उग्र हुआ था। 500 से अधिक वीडियो और टेलीग्राम ग्रुप एसटीएफ के रडार पर हैं। कई संगठन के लोग दूर के राज्यों में बैठकर कई व्हाट्सएप ग्रुप को हैंडल कर रहे थे। वहीं, एसटीएफ हिंसा के दौरान बनाए गए 500 से अधिक वीडियो को खंगाल रही है। तेलंगाना व कर्नाटक से कुछ लोगों की डिजिटल ट्रेल मिली है। यानी वहां से कई टेलीग्राम व व्हाट्सएप ग्रुप पर दिशा-निर्देश दे रहे थे।

### जमीन पर कब्जा करने के लिए तोड़ी गयी थी अंबेडकर की प्रतिमा

**लखीमपुर।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के बांकेगंज में हुए बवाल में हैरान करने वाला खुलासा हुआ है। बवाल के पीछे जमीन पर कब्जे की साजिश सामने आ रही है। दरअसल, डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा लगाने और उसके टूटने के विवाद में हुए इतने बड़े उपद्रव के पीछे जमीन पर कब्जे की साजिश थी। पंचायत चुनाव की सरगर्मियों के बीच मामले को राजनैतिक रंग देने की भी कोशिश की गई।

### हरे निशान पर खुला शेयर बाजार


**नई दिल्ली।** वैश्विक भू-राजनीतिक चिंताओं के कम होने और अमेरिका तथा ईरान के बीच वार्ता फिर से शुरू होने की उम्मीदों के चलते गुरुवार को शुरुआती कारोबार में घरेलू शेयर बाजारों के बेंचमार्क सूचकांकों-सेंसेक्स और निफ्टी में मजबूत बढ़त दर्ज की गई। इसके साथ ही कच्चे तेल की कीमतों में आई। घरेलू शेयर बाजार में हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन गुरुवार को भी हरे निशान पर कारोबार होता दिखा। भारतीय बाजार के दो बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में सेसेक्स 566.32 (0.72%) अंकों की बढ़त के साथ 78,677.56 के स्तर पर कारोबार शुरू हुआ। सुबह 10 बजकर 36 मिनट पर सेंसेक्स 289.60 (0.37%) अंकों की बढ़त के साथ 78,400.84 और निफ्टी 84.96 (0.35%) अंक मजबूत होकर 24,316.25 के स्तर पर कारोबार करता दिखा।




## 21 अप्रैल से पहले एक बार फिर समझौते की कोशिश

# अबकी शायद बात बन जाए!

### ● तेहरान में होगी फाइनल मीटिंग बढ़ायी जा सकती है सीजफायर की अवधि



**तेल अवीव/तेहरान/ वॉशिंगटन।** अमेरिका और ईरान 21 अप्रैल को खत्म हो रहे सीजफायर से पहले समझौते के करीब पहुंच रहे हैं। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच बातचीत आगे बढ़ी है, हालांकि कुछ मतभेद अब भी बाकी हैं। इस बीच तेहरान में ईरानी अधिकारियों और पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर के बीच अहम बैठक होगी। मुनीर पहले ही ईरान पहुंचकर विदेश मंत्री अब्बास अराघची से मुलाकात कर चुके हैं और वे अमेरिकी संदेश लेकर गए हैं। पाकिस्तान, मिस्र और तुर्की मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे हैं। उधर, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर के साथ मिलकर बातचीत और ड्राफ्ट प्रस्ताव साझा कर रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक, डील के लिए सीजफायर को बढ़ाया जा सकता है, हालांकि अमेरिका ने अभी औपचारिक सहमति नहीं दी है। नाकेबंदी और आर्थिक दबाव के कारण ईरान पर समझौते का दबाव बढ़ रहा है। अमेरिका ने दावा किया है कि नाकेबंदी के बाद पिछले 48 घंटों में कोई भी जहाज ईरानी बंदरगाहों तक नहीं पहुंचा। इस दौरान 9 जहाजों को लौटा दिया गया। ईरान रोजाना करीब 15 लाख बैरल तेल निर्यात करता है। इससे उसे लगभग 140 मिलियन डॉलर की आय होती है, लेकिन नाकेबंदी से इस कमाई पर असर पड़ सकता है। ईरान के खार्ग द्वीप से लगभग 90% तेल निर्यात होता है, जो नाकेबंदी के चलते प्रभावित हो सकता है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, अगर ईरान तेल निर्यात नहीं कर पाया, तो उसे उत्पादन रोकना पड़ सकता है, जिससे आर्थिक नुकसान होगा।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 36.7°C
● तापमान न्यूनतम : 20.8°C
● सूर्योदय : 06.11
● सूर्यास्त : 06.05
वाराणसी, 16 अप्रैल, गुरुवार, 2026 (3)






अंबेडकर जयंती पर बरेका में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागी। छाया : जनमुख

# दो जगह लगी आग, लाखों की क्षति

## सारनाथ में धधका होटल और राजातालाब में राख हो गए कपड़े



**● सोफा, एलसीडी, एसी, फ्रीज, कपड़े और कोल्ड ड्रिंक की सैकड़ों बोतलें खाक़**

**वाराणसी।** सारनाथ के बुद्धा सिटी कॉलोनी में गुरुवार की तड़के सुबह शॉर्ट सर्किट से एसडी सनराइज होटल के रिशेप्सन हॉल में आग लग गई, जिसमें लाखों रुपये की क्षति हुई। क्षेत्र के युवकों की ततपरता से आग बुझाई गई। तड़के सुबह 6 बजे होटल के रिशेप्सन हॉल में शॉर्ट सर्किट होने से आग लगी। पहले खिड़की से धुआं निकलता दिखाई दिया। देखते ही देखते खिड़की से आग की लपट निकलने लगी। आसपास के ईशु, सजंय, अमित, शुभम, नितिन युवकों ने तत्काल होटल में लगे फायर सिस्टम को चलाकर लगभग एक घण्टे में आग पर काबू पाया। आग की लपट इतनी तेज थी कि शीशा व टाइल्स तक टूट गया। गनीमत था कि कोई पर्यटक नहीं था। इस दौरान पहु-ंचे फायर बिग्रेड की गाड़ी सड़क पर ट्राली ट्रांसफार्मर खड़ा होने तक घटनास्थल तक नहीं पहुंच पाई। सूचना पर पहुंचे होटल मालिक विनोद कुमार ने बताया कि रिशेप्सन हॉल में रखा 12 पीस सोफा,एलसीडी, एसी, फ्रिज, काउंटर, टेबल, सीसी कैमरा डीबी आर सहित बाथरूम सहित फर्नीचर लाखों रुपये की क्षति हुई है। वहीं दूसरी तरफ राजातालाब क्षेत्र में कपड़े के गोदाम में भीषण आग लग गई। आग लगने से लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। आग इतनी तेजी से फैली कि पास में स्थित कोकाकोला के गोदाम को भी अपनी चपेट में ले लिया। वहां बड़ी मात्रा में रखी कोल्डड्रिंक भी जलकर राख हो गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है, हालांकि प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को वजह माना जा रहा है। घटना गुरुवार दोपहर को हुई। कपड़ा गोदाम के मालिक रूप चंद्र कटरा हैं। आग लगने के समय अंदर करीब 15 लोग फंसे हुए थे। मौके पर पहुंचे लोगों और दमकल विभाग की टीम ने तत्परता दिखाते हुए सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। राहत की बात रही कि इस दौरान किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

## चीनी लदा ट्रक पलटा



**● चालक परिचालक घायल**

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जौनपुर से वाराणसी की ओर आ रहा चीनी से लदा ट्रक (CG 15 EA 8294) अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। यह दुर्घटना सुबह 4 बजे की बताई जा रही है। हादसे में ट्रक चालक और परिचालक दोनों घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चालक को मामूली चोटें आयी हैं जबकि परिचालक का हाथ टूट गया है। प्राथमिक जांच में दुर्घटना का कारण तेज रफ्तार के कारण चालक का वाहन पर से नियंत्रण हट जाना बताया जा रहा है। दुर्घटना के बाद औपचारिकता पूरी करने पुलिस मौके पर पहुंची है।

### जनगणना के लिए प्रशिक्षण शुरू

**वाराणसी।** जनगणना-2027 के लिए आज जनपद में आज गुरुवार से प्रशिक्षण का कार्य शुरू हो रहा है। प्रशिक्षण के लिए जनपद में 16 प्रशिक्षण केंद्र बनाए गए हैं जहां पर एक्सपर्ट प्रगणक व सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण देंगे। इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए यहां पर 3117 प्रगणक और 523 सुपरवाइजरों की ड्यूटी लगाई गई है। इन सभी को जोनवार प्रशिक्षण कार्य करना होगा। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने इस बार की जनगणना पूरी तरह से डिजिटल मोड में होगी। जिनकी भी ड्यूटी इस कार्य में लगाई गई है उन्हें शत प्रतिशत उपस्थित होना होगा।

### 10 दिन से खराब है सीटी स्कैन मशीन

**वाराणसी।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय चिकित्सालय सीटी स्कैन जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। यहां पर पिछले 10 दिनों से सीटी स्कैन मशीन खराब पड़ी है। मशीन में लगा ट्यूब फट गया है। जिससे मशीन पूरी तरह से बंद है। सीटी स्कैन मशीन के कक्ष में ताला लटक रहा है। मरीज यहां पहुंच रहे हैं, लेकिन उन्हें बताया जाता है कि मशीन खराब है। 10 दिन बाद संपर्क करें। अस्पताल के CMS डॉ. आरएस राम ने बताया कि मशीन में जो ट्यूब खराब हुआ है उसकी कीमत करीब 50 लाख रुपये है। यह भारत में नहीं मिलता है। संबंधित कंपनी को अवगत करा दिया गया है। अभी 10 से 15 दिन का समय और लग सकता है।

### डॉ. अशोक सिंह विश्व भोजपुरी सम्मेलन के राष्ट्रीय महासचिव पद से हटाए गए

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** विश्व भोजपुरी सम्मेलन की विशेष सभा देवरिया में सम्पन्न हुई जिसमें विश्व भोजपुरी सम्मेलन के अंतर्राष्ट्रीय महासचिव डॉ.सुधाकर तिवारी ने तत्काल प्रभाव से विश्व भोजपुरी सम्मेलन के राष्ट्रीय महासचिव डॉ.अशोक सिंह को बर्खास्त करते हुए सभी इकाइयों को भंग कर दिया और उनके विश्व भोजपुरी सम्मेलन का इस्तेमाल करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। नई इकाइयों का गठन शीघ्र ही होगा। तब तक सभी दायित्वों का निर्वहन अंतरराष्ट्रीय महासचिव डॉ.सुधाकर तिवारी करेंगे।

## लिटिल फ्लावर हाऊस का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**● श्रेया ने 98.8 प्रतिशत अंक हासिल कर फहराया सफलता परचम**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)** लिटिल फ्लावर हाऊस का कक्षा-10 का परीक्षा परिणाम विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शत-प्रतिशत रहा। सभी छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अपने अभिभावक व स्कूल का मान बढ़ाया। परीक्षा परिणाम में लिटिल फ्लावर हाऊस ककरमत्ता शाखा की श्रेया रानी ने 98.8 प्रतिशत, शिवांस गुप्ता ने 98.2 प्रतिशत, रमन कुमार 97.5 प्रतिशत, शशांक सिंह ने 96.2 प्रतिशत तथा सिद्धि कुमारी ने 96 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं विद्यालय के नगवां शाखा के छात्र दिव्यांशु सिंह ने 93.4 प्रतिशत, चैतन्यराज सिंह ने 93.2 प्रतिशत, ऋषभ यादव 92.2 प्रतिशत, शौर्य गुप्ता 92.6 प्रतिशत, वंशिका सिंह 00.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। इसके अतिरिक्त 30 से अधिक विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किया है। उत्कृष्ट परिणाम हासिल करने वालों में श्रमन कुमार, अंशिका यादव, अभय कुशवाहा, सत्यम सिंह, नीलेश पटेल आदि विद्यार्थी शामिल हैं। विद्यालय की निदेशिका नलिनी गुलाटी, उप-निदेशिका अदिति गुलाटी, प्रधानाचार्या इन्दू गुलाटी, अमिता सिंह समेत अन्य अध्यापकों ने आशीर्वचन देते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## वीएन टीम शक्ति ने मनाई पहली वर्षगांठ

**● बॉलीवुड अंदाज में दी गयी प्रस्तुतियों ने किया भावविभोर**




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)** व्यापारी नेटवर्क की महिला उद्यमियों की टीम 'वीएन टीम शक्ति' ने अपनी प्रथम वर्षगांठ शगुन बैंक्वेट में भव्य आयोजन के साथ मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता टीम अध्यक्ष लता वर्मा, सचिव गुंजन बुबना, कोषाध्यक्ष शशिकला भारती एवं मेंटर साक्षी सराफ के नेतृत्व में हुई। इस अवसर पर सदस्यों ने बॉलीवुड थीम पर अपनी व्यावसायिक प्रस्तुतियां दीं, जिसने पूरे माहौल को उत्साह से भर दिया। हेड टेबल द्वारा सदस्यों के लिए रोचक गतिविधियां भी आयोजित की गईं। समारोह का विशेष आकर्षण रहा सांस्कृतिक नृत्य प्रदर्शन, जिसमें प्रीति सराफ, गुंजन बुबना, शशिकला भारती, छवि गेरा, साक्षी सराफ, डॉ. स्वाति मित्तल, नेहा गोयल, अदिति खन्ना, शिवानी श्रीवास्तव एवं अपर्णा अग्रवालङ ने भाग लेकर समां बांध दिया। वर्ष भर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सदस्यों गुंजन बुबना, अदिति खन्ना, नेहा गोयल, श्रेया भट्टाचार्य, डॉ. आकांक्षी श्रीवास्तव, अधिवक्ता शशिकला भारती, निहारिका टोडी, सीमा अग्रवाल, शशि केजरीवाल एवं लता वर्मा को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सह-संस्थापक डॉ. स्वाति मित्तल ने कहा, 'कोई भी महिला उद्यमी जिसने नया व्यवसाय शुरू किया है और उसमें आगे बढ़ने की इच्छा व क्षमता है, तो वह व्यापारी नेटवर्क प्लेटफॉर्म से जुड़ सकती है। यहाँ विभिन्न व्यापार श्रेणियों के लोग एक-दूसरे के व्यवसाय को बढ़ाने के लिए एक-दूसरे को प्रमोट करते हैं। संस्थापक अपूर्व मित्तल ने कहा, 'व्यापारी नेटवर्क टीम शक्ति भारत में अपने आप में अनूठी टीम है। यह केवल महिला उद्यमियों के लिए समर्पित टीम है, जहाँ 'रिश्तों से व्यापार' के मूल मंत्र पर काम होता है।'

## अंबेडकर जंयती पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में देश-विदेश के विद्वानों की शिरकत

**● दो दिनों के दस सत्रों में 135 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** बाबासाहेब डॉ भीमराव रामजी आंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य पर काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जन-संप्रेषण विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन बुधवार को हुआ। 'बाबासाहेब आंबेडकर की पत्रकारिता : सामाजिक न्याय और भारतीय समाज का रूपांतरण' विषयक इस संगोष्ठी में देश-विदेश के विद्वानों ने सक्रिय सहभागिता की। अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में दो दिनों में 10 सत्रों में 135 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। समापन सत्र के मुख्य अतिथि कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति प्रो. मनोज दयाल ने कहा कि पत्रकारिता केवल सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त करने का एक प्रभावी और उत्तरदायी उपकरण है। मुख्य वक्ता भारती विद्यापीठ नई दिल्ली के निदेशक प्रो. एम. एन. होदा ने कहा कि आंबेडकर का चिंतन केवल सामाजिक न्याय तक सीमित नहीं था, बल्कि वह बौद्धिक और वैचारिक क्रांति का प्रतीक है। विशिष्ट वक्ता एपिजे इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन के निदेशक प्रो. सजल मुखर्जी ने हिंदी सिनेमा के माध्यम से नैरेटिव निर्माण की प्रक्रिया को स्पष्ट करते हुए कहा कि सिनेमा समाज की सोच को प्रभावित करने वाला सशक्त माध्यम है। बताया कि किस प्रकार फिल्में सामाजिक यथार्थ को प्रस्तुत करते हुए जनमत निर्माण में भूमिका निभाती हैं। समापन सत्र की अध्यक्षता शिवाजी विश्वविद्यालय के पत्रकारिता और जान संप्रेषण विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर निशा पवार ने किया।

## बरेका ने समारोहपूर्वक मनायी अंबेडकर की 135वीं जयंती



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) में बुधवार को प्राविधिक प्रशिक्षण केन्द्र में महाप्रबन्धक आशुतोष पंत के मार्गदर्शन में भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती समारोहपूर्वक मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी लालजी चौधरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाप्रबन्धक के साथ संयुक्त सचिव प्रदीप कुमार यादव, एससी/एसटी एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कुमार आनंद एवं अन्य पदाधिकारियों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर महाप्रबन्धक द्वारा बरेका इंटर कालेज में आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य विद्युत इंजीनियर मनोज कुमार गुप्ता, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक आलोक अग्रवाल, प्रमुख मुख्य इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार सिंह, प्रधान वित्त सलाहकार मुक्तेश मित्तल, चिकित्सा अधिकारी डा. देवेश कुमार, महानिरीक्षक सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त देवराज कुमार मौर्यज्ञ, उप महाप्रबन्धक सागर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




## अंतर विभागीय ग्रीष्मकालीन टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता पहला मैच परिचालन विभाग, दूसरा विद्युत पावर ने जीता

**● गजानन और नादिर को मिला मैच ऑफ दी मैच**





**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के निर्देश में एवं मंडल क्रीड़ा अधिकारी बालेन्द्र पाल के नेतृत्व में वाराणसी मंडल क्रीड़ा स्थल में चल रही अंतर विभागीय ग्रीष्मकालीन T-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के क्रीड़ा स्थल में चल रही अंतर विभागीय ग्रीष्मकालीन T-20 क्रिकेट प्रतियोगिता बुधवार को पहला मैच विद्युत टी.आर.डी (कर्षण) और परिचालन विभाग के बीच खेला गया। विद्युत टी.आर.डी (कर्षण) ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 167 रन बनाए। 168 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए परिचालन विभाग की टीम ने 15.1 ओवर में पांच विकेट पर 168 रन बनाकर पांच विकेट से मैच जीत लिया। परिचालन विभाग के गजानन को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पूर्वोत्तर रेलवे वॉलीबॉल टीम के वरिष्ठ खिलाड़ी भारतेंदु शेखर पांडे के द्वारा दिया गया। अंतर विभागीय टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में दूसरा मैच विद्युत लोको शेड और विद्युत पावर के बीच खेला गया। विद्युत लोको शेड ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 177 रन बनाए। 178 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए विद्युत पावर की टीम ने 16.4 ओवर में चार विकेट पर 178 रन बनाकर 6 विकेट से मैच जीत लिया। विद्युत पावर के नादिर को उनके शानदार आलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पूर्वोत्तर रेलवे के भूतपूर्व वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी कलाम अली खान के द्वारा दिया गया।

### हैदराबाद गेट पर लड़की से अभद्रता

**वाराणसी।** बीएचयू कैंपस से सटे हैदराबाद गेट पर स्कॉर्पियो में सवार कुछ युवकों ने एक लड़की के साथ अभद्रता की। जिसका विरोध करते हुए लड़की ने वीडियो बनाया। वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने युवकों की तलाश शुरू की। बताया जा रहा है कि युवती ने विरोध करते हुए शोर मचाया, लोगों की भीड़ इकट्ठा होती देख दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए।

जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।
रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## मीरजापुर समाचार

### किसान दिवस में कृषकों ने जिलाधिकारी को सुनाई समस्याएं, निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को दिये निर्देश

**मीरजापुर।** विकास भवन सभागार किसान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, की अध्यक्षता में किया गया। सर्व प्रथम उप कृषि निदेशक विकेश पटेल द्वारा गत किसान दिवस बैठक की आख्या से उपस्थित कृषकों को अवगत कराया गया। तदुपरान्त विकास खण्ड सदर के किसान श्यामलाल मौर्य द्वारा अवगत कराया गया कि राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के सामनें गड्ढा व गंदा नाला बहता है, पंचतला होटल से शेरनाथ मंदिर तक सड़क क्षतिग्रस्त है, और गड्ढा बना रहता है। दौलत सिंह, प्रदेश द्वारा अवगत कराया गया है कि चुनार तहसील के अन्तर्गत आनें वाले गांवों यथा, नियामतपुर कला, दर्रा, बघेड़ा, बघेड़ी, शेरपुर, बहादुरपुर, हथेडा मौजों में स्थित नालों पर अतिक्रमण हो जानें के कारण खरीफ में धान की फसल क्षतिग्रस्त हो गयी है, यदि वर्षा के पूर्व इन गावों के नाले की खुदायी नहीं करायी गयी तो, आगामी वर्षा सीजन में फसल क्षतिग्रस्त हो सकती है। ओमप्रकाश सिंह, तहसील उपाध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन, (टिकैत) लालगंज द्वारा गेहूँ की खरीदारी सुचारू रूप से चालू करानें हेतु सभी क्रय केन्द्र को निर्देशित करनें हेतु अनुरोध किया गया है। उपासना सिंह, ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत बबुरा रघुनाथ सिंह, विकास खण्ड हलिया द्वारा ग्राम पंचायत में निर्माणाधीन गौशाला का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करानें हेतु अनुरोध किया गया, जिससे मवेशियों को आश्रय प्राप्त हो सके, तथा छुट्टा पशुओं से फसलों को बचाया जा सके। संतोष दूबे, विकास खण्ड लालगंज द्वारा बाणसागर खण्ड-5 द्वारा निर्मित नहर अदवा बैराज से मेजा डैम को जोड़नें वाली बड़ी नहर जिसकी लम्बाई लगभग 10 किमी0 है।

## मऊ समाचार

### सात दिन में किसानों की समस्याओं का समाधान न होने पर होगी कार्रवाई : सीडीओ

**मऊ।** मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। यदि लंबित शिकायतों पर किसान दोबारा शिकायत करते हैं, तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि तहसील स्तर पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण सात कार्य दिवसों के भीतर सुनिश्चित किया जाए। कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े किसान तक बिना किसी बाधा के पहुंचे। जिला कृषि अधिकारी सोम प्रकाश गुप्ता ने किसानों से अपील की कि फार्मर आईडी बनवाना अनिवार्य है।

## आजमगढ़ समाचार

### टिन शेड तार से छूने पर युवक की करेंट से मौत



**बलरामपुर।** जौनपुर जिले के खेतासराय थाना क्षेत्र के जैगहां गांव निवासी विशाल गुप्ता उर्फ गोरेलाल (35) की मंगलवार शाम करंट लगने से मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में मातम दा गया। मृतक के भाई अमित गुप्ता ने बताया कि हादसा आजमगढ़ जिले के दीदारगंज थाना क्षेत्र के पकरौल गांव में हुआ। उन्होंने बताया कि विशाल गुप्ता अपने मित्र कुणाल के साथ पकरौल बाजार से टिन शेड खरीदकर घर ले जा रहे थे। बताया गया कि बाजार से बाहर पकरौल गांव स्थित एक बिल्डिंग मेटेरियल की दुकान के पास टिन शेड ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार से छू गया। टिन शेड में करंट उतरने से विशाल गुप्ता गंभीर रूप से झुलस गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल नगर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दीदारगंज थाना प्रभारी जयप्रकाश यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## बलिया समाचार

### कार और ई-रिक्शे में टक्कर, युवक की मौत

**फेफना।** बलिया-फेफना एनएच-31 पर बुधवार को कपूरी गांव के पास ई-रिक्शे व कार में टक्कर हो गई। ई-रिक्शा में सवार संजय कुमार (22) निवासी बेदुआ, कुनाल कुमार (20), आयुष कुमार (21) घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज को जिला अस्पताल भेजवाया, जहां संजय कुमार को चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। अन्य दो घायलों को बीएचयू रेफर कर दिया। मौत की खबर लगते ही परिवार के सदस्यों का रोते-रोते बुरा हाल है। शहर के बेदुआ निवासी मुन्ना राम का बड़ा बेटा संजय कुमार जयमाल सजाने कर परिवार का भरण पोषण करते थे। बुधवार को फेफना कस्बा स्थित एक शादी कार्यक्रम में जयमाल सेट सजाने का भाड़ा था। दोस्त कुनाल कुमार व अभिषेक के साथ ई-रिक्शा से जा रहे थे।

## भदोही समाचार

### सनबीम की आरोही ने 98 % अंक पाकर किया टॉप



**ज्ञानपुर।** सीबीएसई ने बुधवार की शाम को 10वीं का परीक्षा परिणाम जारी किया। हर बार की तरह इस बार जिले का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। सनबीम भदोही की छात्रा आरोही मौर्या ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त करके पहला स्थान प्राप्त किया।

टॉप टेन में 26 होनहारों ने जगह बनाई। 12 बेटियों ने टॉप टेन की सूची में अपना नाम दर्ज कराया है। सीबीएसई की परीक्षाएं छह केंद्रों पर हुई थीं। 4850 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। परिणाम जारी होते ही स्कूलों में चहल-पहल बढ़ गई। जिले में सीबीएसई के 28 स्कूल हैं। बोर्ड की ओर से परीक्षा परिणाम जारी करते ही सफल छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे। स्कूलों में टॉपरों को मिठाई खिलाकर खुशियां बांटी गईं। शिक्षकों ने बच्चों को बधाई दी। स्कूलों में ज्यादातर बच्चे 90 प्रतिशत के ऊपर अंक प्राप्त करने वाले रहे। कोआर्डिनेटर शालिनी मेहरा ने बताया कि सीबीएसई 10वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालयों से प्राप्त मेरिट के आधार पर टॉपरों की लिस्ट तैयार की गई है। सभी सफल होने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी।

## चंदौली समाचार

### 10वीं में 98.8 फीसदी अंक प्राप्त कर आरव राय बने जिला टॉपर

**पीडीडीयू नगर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं का रिजल्ट बुधवार की दोपहर जारी कर दिया गया। 10वीं में सनबीम स्कूल के आरव राय ने 98.8 प्रतिशत अंक हासिल कर जिला टॉपर बने हैं। जिले के 08 केंद्रों पर 17फरवरी से 11 मार्च तक 10वीं की परीक्षा हुई थी। पीडीडीयू नगर के कैलाशपुरी स्थित लक्ष्मी पब्लिक स्कूल, सनबीम मुगलसराय, बीएंडबी इंटरनेशनल स्कूल, खरखोलिया (धानापुर), सेंट जोसेफ स्कूल, चहनियां, जेएस पब्लिक स्कूल, पांडेयपुर (बबुरी), सेंट अल-हनीफ एजुकेशनल सेंटर, पड़ाव, पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय, पीडीडीयू नगर तथा एसजी पब्लिक स्कूल, रविनगर (पीडीडीयू नगर) में हुई परीक्षाओं में 4,756 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

## सोनभद्र समाचार

### लेखपाल पर अवैध रूप से धनराशि मांगने का आरोप




**सोनभद्र।** रॉबर्ट्सगंज तहसील क्षेत्र में एक लेखपाल पर नामांतरण रिपोर्ट लगाने के एवज में अवैध रूप से धनराशि मांगने का आरोप लगा है। पीड़ित ने इस संबंध में जिलाधिकारी को शिकायत पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, रॉबर्ट्सगंज निवासी हरिकेश यादव पुत्र देव यादव ने अपने अधिवक्ता अखिलेश पाण्डेय के माध्यम से जिलाधिकारी को यह शिकायत सौंपी है। उन्होंने बताया कि उन्होंने मौजा सहिजन खुर्द, परगना बड़हर स्थित गाटा संख्या 41 में से 25.13 वर्गमीटर भूमि का बैनामा 17 अप्रैल 2025 को कराया था। बैनामा के बाद नामांतरण की प्रक्रिया तहसीलदार (न्यायिक) रॉबर्ट्सगंज के न्यायालय में दर्ज हुई और रिपोर्ट के लिए क्षेत्रीय लेखपाल अरविन्द पटेल के पास भेजी गई। आरोप है कि लेखपाल ने अपने मुंशी के जरिए नामांतरण रिपोर्ट लगाने के लिए लगभग एक लाख रुपये की मांग की।

पीड़ित का आरोप है कि पैसा न देने पर लेखपाल ने प्रतिकूल रिपोर्ट भेजने की धमकी दी। हरिकेश यादव ने यह भी बताया कि इसी गाटा संख्या में पूर्व में हुए अन्य बैनामों का नामांतरण बिना किसी समस्या के हो चुका है, लेकिन इस बार अतिरिक्त धनराशि की मांग की जा रही है।

शिकायत में यह भी कहा गया है कि लेखपाल ने खुद को 'वीआईपी सर्किल' का बताते हुए उच्चाधिकारियों से करीबी संबंध होने का दावा किया और कहा कि बिना पैसे के काम नहीं होगा। पीड़ित ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, संबंधित लेखपाल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और अपने नामांतरण प्रकरण का निस्तारण कराने की अपील की है।

## गाजीपुर समाचार

### निजी गोशाला में भीषण आग आठ गोवंशों की झुलसकर मौत

**गाजीपुर।** जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मंगलवार व बुधवार की अज्ञात कारणों से लगी आग में आठ पशुओं की जलकर मौत हो गई। वहीं, चार दुकानें भी जल गईं। कठउत गांव में मंगलवार की रात एक निजी गोशाला में आग लगने से सात गाय व एक बछिया की झुलसकर मौत हो गई। वहीं डोडसर- कोदई चट्टी पर बुधवार को अज्ञात कारणों से आग लगने से चार दुकान जलकर नष्ट हो गई। आग लगने से पशुपालक व दुकानदारों को करीब आठ लाख रुपये का नुकसान हुआ है। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। कठउत गांव निवासी शिवानंद राय और नरेंद्र राय ने बताया कि वह पशुपालन कर दूध का व्यवसाय करते हैं। इसके लिए टीन शेड की गोशाला बनाई गई थी। मवेशियों को गर्मी से बचाव के लिए शेड के पीछे पुआल का गट्ठर भी लगाया गया था।

## देवरिया समाचार

### पारिवारिक कलह में पड़ोसी ने फावड़े से की महिला की हत्या



**देवरिया।** महुआडीह थाना क्षेत्र के रामपुर बनहर गांव में पारिवारिक कलह के चलते बुधवार की देर रात एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जहां फावड़े से काट कर एक महिला की हत्या कर दी गई। बीच-बचाव करने पहुंचे उसके बेटे और बेटी पर भी हमला किया गया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बृहस्पतिवार की सुबह महिला की शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रामपुर बनहर निवासी रविता देवी (32), पत्नी उमेश विश्वकर्मा, अपने घर पर थीं। देर रात करीब 12 बजे पड़ोस में रहने वाले राज विश्वकर्मा ने किसी विवाद के चलते उन पर फावड़े से हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे रविता के बेटे और बेटी पर भी आरोपी ने हमला कर दिया, जिसमें दोनों घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत का उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि मृतका के दो बेटियां और एक बेटा है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपी की तलाश जारी है।

## जौनपुर समाचार

### अधिवक्ता ही जज बनकर समाज को दिलाते हैं न्याय : पारिजात सोनकर



**मछलीशहर।** अधिवक्ता संघ भवन में बुधवार को आयोजित अभिनंदन समारोह एवं गोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता परिजात मयंक सोनकर ने कहा कि अधिवक्ता ही जज बनकर समाज में गरीबों को न्याय दिलाता है। अधिवक्ता हमेशा पीड़ित को न्याय दिलाने का प्रयास करता है और उसके प्रयास से ही समाज में परिवर्तन आ सकता है। अधिवक्ता के पास दुनिया को बदलने की ज्ञान शक्ति होती है। शिक्षा का रास्ता ही ऐसा जो बिना हिंसा के दुनिया में बदलाव कर सकता है।

## सुल्तानपुर समाचार

# युवती की हत्या कर शव फेंका



**जयसिंहपुर।** बहरी गांव में बुधवार सुबह अंबेडकरनगर जिले के महरूआ निवासी सीता (25) का शव तालाब के किनारे झाड़ियों में पड़ा मिला। मृतका के भाई सूरज ने देर शाम शव की शिनाख्त की। उन्होंने अपनी ही बड़ी बहन के देवर पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

बहरी गांव में बुधवार सुबह शव की शिनाख्त नहीं हो पाई तो पुलिस ने मृतका की फोटो वायरल की। मृतका के भाई सूरज के मुताबिक उनकी बड़ी बहन का विवाह जयसिंहपुर के अमोहे निवासी जितेंद्र से हुआ है। जितेंद्र के छोटे भाई गोलू से उनकी दूसरी बहन सीता शादी करना चाहती थी। आरोप है कि दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था, लेकिन गोलू बहन से विवाह नहीं करना चाहता था। मंगलवार शाम सीता अमोहे गांव जाने के लिए निकली, लेकिन घर तक नहीं पहुंच सकी। सूरज का आरोप है कि गोलू ने बहन की हत्या कर दी है। पुलिस उपाधीक्षक जयसिंहपुर रामकृष्ण चतुर्वेदी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसओजी समेत स्थानीय पुलिस टीम को लगाया गया है,जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### दसवीं की परीक्षा में चमकी मेधा

**सुल्तानपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद के 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित हो गया। घोषित हुए परीक्षा परीणाम में सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के वंश श्रीवास्तव 98.60 प्रतिशत अंक प्राप्त मिले। डालिम्स सनबीम स्कूल के अनिकेत यादव को 97.60 और शेम्फोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल के अदनान 97 प्रतिशत अंक हासिल किए। बुधवार को परीक्षा परिणाम आते ही विद्यार्थी खुशी से झूम उठे। सरस्वती विद्या मंदिर के टॉपर वंश श्रीवास्तव को साथियों ने कंधे पर उठाकर खुशियां मनाईं।

## प्रयागराज समाचार

### ट्रेन से कटकर पांच लोगों की मौत, ट्रैक पर पेशाब कर रहे थे, गाड़ी का हॉर्न सुन दौड़े थे सभी



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले के करछना थाना क्षेत्र स्थित पचदेवरा गांव के पास बुधवार शाम बड़ा रेल हादसा हो गया। दिल्ली-हावड़ा रूट पर कालका मेल से उतरकर पटरी पर खड़े पांच यात्री पुरुषोत्तम एक्सप्रेस की चपेट में आ गए, जिससे जानकारी के मुताबिक, कालका मेल में एक यात्री के गिरने के बाद चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोका गया था। ट्रेन रुकने पर कुछ यात्री नीचे उतर गए और पटरी किनारे खड़े हो गए। इसी दौरान मिर्जापुर की ओर से आ रही पुरुषोत्तम एक्सप्रेस तेज रफ्तार से गुजरी और पांच लोगों को रौंद दिया। हादसे में फिरोजाबाद जिले के खैरगढ़ थाना क्षेत्र के पृथ्वीपुर गांव निवासी 19 वर्षीय आकाश पुत्र गिरिराज की मौत हो गई। वह कोलकाता में एक रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। उसके साथ अजय पुत्र मुन्ना पासी निवासी कोलकाता भी सफर कर रहा था। मृतकों में मिर्जापुर निवासी सुनील की भी पहचान हुई है, जबकि दो अन्य की शिनाख्त नहीं हो सकी है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर रेलवे पुलिस, स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी पहुंच गए। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और मामले की जांच की जा रही है।

पुलिस के अनुसार, सभी मृतक कालका मेल से यात्रा कर रहे थे और ट्रेन रुकने के बाद नीचे उतर गए थे। शुरुआती जांच में लापरवाही को हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है।

## गोरखपुर समाचार

### योगी बोले- अब थानों पर हमला किया तो काम तमाम




**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर में हैं। उन्होंने कहा कि अब कोई थाने पर हमला नहीं कर सकता। थानों में अलग से बैरक हैं। हर समय वहां जवान रहते हैं। अब कोई सुरक्षा में सेंध लगाएगा तो उसका काम तमाम कर दिया जाएगा। 2017 में जब हम आए तो उस समय यूपी पुलिस में आधे से अधिक पद खाली थे। हमने 9 साल में 2 लाख 19 हजार से अधिक भर्ती की है। इससे पहले सीएम ने सुरक्षा भवनों का उद्घाटन किया। इसे गोरखनाथ मंदिर क्षेत्र की सुरक्षा के लिए बनाया गया है। दोनों भवनों को बनाने में 9 करोड़ 18 लाख रुपये की लागत आई है। दोनों भवन एक-दूसरे से लगे हुए हैं। स्टिल्ट प्लस 4 तल के दोनों भवन बनाए गए हैं। यहां अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय एवं कंट्रोल रूम होगा। इसके साथ ही पुलिस स्टोर रूम एवं मेंटीनेंस वर्कशॉप भी इसमें बनाया गया है।

योगी ने कहा कि अब यूपी में 200 गुना से अधिक सुविधाएं हो गई हैं। योगी ने कहा कि अब यूपी में 200 गुना से अधिक सुविधाएं हो गई हैं।योगी ने कहा कि 100 पुलिस कर्मी और अधिकारी एक साथ इस भवन में ठहर सकते हैं। यहां हर तरह की सुविधा होगी। प्रदेश में 55 जिले ऐसे हैं। जहां सबसे ऊंची बिल्डिंग होगी। पहले शिकायत आती थी कि पुलिस वाले ने मकान कब्जा कर लिया। वह कब्जा नहीं करता था। उसके बच्चे की परीक्षा होती थी। उससे मकान खाली करने को कहते थे तो वह झुंझुलाकर कहता था कि अभी नहीं करेंगे। सुशासन की पहली शर्त होती है सुरक्षा। इसके लिए सरकार के स्तर पर प्रयास किए जाते हैं। यह मान्यता होती थी कि सुरक्षा के लिए केवल पुलिस की भर्ती कर लो। लेकिन यदि पुलिस कर्मियों की ट्रेनिंग नहीं है तो वह भी एक साधारण आदमी है। इसलिए भर्ती की प्रक्रिया के बाद उसकी ट्रेनिंग हो। उसके बाद जब वह अपनी ड्यूटी करे तो उस दौरान उसकी अवस्थापना सुविधाएं भी उस तरह की हों, इसका ध्यान नहीं दिया जाता था। इसका परिणाम होता था कि पुलिस का जवान अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं कर पाता था।

## लाइफ मंत्र

### गलती से भी न रखें तुलसी के पास ये पौधें, नहीं तो जीवन में बढ़ सकती है दरिद्रता

सनातन धर्म में तुलसी को बहुत पवित्र और पूजनीय पौधा माना जाता है। तुलसी का पौधा कोई आम पौधा नहीं हैं, इसे माता लक्ष्मी का रूप माना जाता है। भगवान विष्णु को पूजा में तुलसी बहुत प्रिय है, जो तुलसी दल से विष्णु जी की पूजा करता है, उससे भगवान विष्णु बहुत प्रसन्न होते हैं। लेकिन अगर आप घर में तुलसी का पूजा रखते हैं, तो कुछ खास बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। वहीं, कुछ ऐसे पौधे हैं, जिन्हें तुलसी के साथ रखने का सख्त मनाही हैं। तो आइए जानते हैं कि वो



कौन से पौधे हैं, जिन्हें तुलसी के साथ नहीं रखना चाहिए।

**कांटेदार पौधे**

वास्तु के अनुसार, तुलसी के साथ कभी भी कांटेदार पौधे नहीं रखने चाहिए। माना जाता है कि कांटेदार पौधे तुलसी के साथ लगाने से घर में नकारात्मक ऊर्जा का वास होता है और घर में तनाव बढ़ने लगता है। इसलिए भूलकर भी तुलसी के पास कांटेदार पौधा न लगाएं।

**इमली का पेड़**

वास्तु शास्त्र के अनुसार, तुलसी के आस-पास इमली का पेड़ नहीं लगाना चाहिए। माना जाता है कि इमली के पेड़ में बहुत सारी ऊर्जा होती है, घर-परिवार में भारी माहौल पैदा करता है और रिश्तों में खटास घोल देता है। इसलिए भूलकर भी तुलसी के समक्ष इमली का पेड़ न ही लगाएं।

**पीपल का पेड़**

हिंदू धर्म में वैसे तो पीपल के पेड़ को बहुत पवित्र माना जाता है। लेकिन ये भी सलाह दी जाती है कि तुलसी के पास पीपल का पेड़ लगने से जीवन में बहुत सारी परेशानियां आने लगती है और पॉजिटिव एनर्जी धीरे-धीरे घर से जाने लगती है।

**तुलसी के पास कौन से पौधे लगाएं**

हिंदू शास्त्र के अनुसार, अगर तुलसी के पौधे के पास मनी प्लांट, अशोक का पेड़ या फूलों के पौधे रख दिए जाएं तो जीवन में ढेर सारी खुशियों का आगमन होने लगता है और पैसों से जुड़ी दिक्कतें दूर हो जाती है।

# काल के कपाल



अगर शरीर थोड़ा बलशाली हुआ तो साहित्यिक सेमिनारों में लात-घूँसे भी चला दूँ—क्योंकि आजकल विचारों से नहीं, हाथों से विमर्श होता है। दो-चार अकादमियों की कुर्सियाँ मिल जाएँ, सरकारी खर्चे पर विदेश भ्रमण हो जाए तो और भी अच्छा—क्योंकि हिंदी का प्रचार भारत में नहीं, विदेश में जाकर ही संभव है! कहते हैं, काल के कपाल पर पहले से ही हमारा भूत, वर्तमान और भविष्य अंकित होता है—हम बस वही जीते हैं जो ऊपर वाले ने लिख दिया है। पर कभी-कभी मन करता है कि इस 'कॉस्मिक पांडुलिपि' में एक-दो पंक्तियाँ अपनी मर्ज़ी की भी जोड़ दी जाएँ—कम-से-कम एक 'फुटनोट' तो लेखक स्वयं भी लिख सके! मेरा मन तो बस इतना चाहता है कि जीवन के इस साहित्यिक कापी पर कहीं लिखा जाए—'यह लेखक किसी गुट का हिस्सा है।' क्योंकि बिना गुट के लेखक का हाल वैसा ही होता है जैसे गली में अकेली चलती अबला—हर किसी की नजर में 'खतरा'। जबसे कहा है कि 'मैं किसी गुट का नहीं', तबसे मुझ पर शोध-प्रबंध शुरू हो गया है—कौन-से शब्दों से मेरी विचारधारा झलकती है, किस पंक्ति में कौन-सा खेमापन है। साहित्य में गुटबाज़ी आज मठों का नया धर्म है—जहाँ नए लेखक मुर्गों की तरह पाले जाते हैं, हलाल के पहले तक खूब खिलाए-पिलाए जाते हैं। मैं सोचता हूँ—हलाल तो होना ही है, तो क्यों न किसी संपन्न मठ का हिस्सा बन जाऊँ! बिना गुट का लेखक वैसा ही है जैसे निर्दलीय उम्मीदवार—न जीत पक्की, न हार तय। जीतता है तो भी कोई पूछता नहीं, हारता है तो सब 'इंडिपेंडेंट' कहकर हँसते हैं। किसी मठ में शामिल हो लूँ तो शायद मेरे लेखन का वजन बढ़ जाए, वरना मेरे पन्ने तो निंदा और उपेक्षा की हवाओं में उड़ते रहेंगे। सोचता हूँ, अगर कभी मुझे अपने कपाल पर खुद लिखने की छूट मिले तो मैं आत्मकथा ही लिख दूँ—'संघर्षों का संन्यासी, अभावों का अवतार।' कुछ पुरानी रचनाएँ, कुछ कबाड़ से जोड़-घटाकर 'मेरी 51 श्रेष्ठ रचनाएँ' नामक पुस्तक निकाल दूँ। कुछ किताबें कोर्स में लग जाएँ, तो जीवन धन्य! अगर कोई प्रकाशक साथ न दे, तो खुद का ही प्रकाशक बन जाऊँ—कम से कम अस्वीकृति के खतों का दुख नहीं रहेगा। और अगर लेखन से ऊब जाऊँ, तो आलोचक बन जाऊँ—क्योंकि आलोचना ही एकमात्र ऐसा क्षेत्र है जहाँ न लेखन चाहिए, न प्रेरणा, बस शब्दों की तोप चाहिए। मेरी योजना साफ़ है—कुछ छात्र मेरी रचनाओं पर शोध कर लें, वही रचनाएँ जिन पर कभी संपादक ने 'हमें खेद है' लिखकर लौटा दी थीं। यही तो लेखक की यात्रा है—संपादक के खेद से लेकर शोधार्थी के शोध तक। फिर अपने दादाजी की स्मृति में एक पुरस्कार भी स्थापित कर दूँ—साहित्य सेवा में दादाजी का कालजयी योगदान तो था ही, वे गाँव में लोकगीत सुनते थे! पुरस्कार की राशि थोड़ी कम रखूँ ताकि ज्यादा लोग सम्मानित हों, और जो मना करें, उनके खिलाफ़ साहित्यिक समाज में बहिष्कार प्रस्ताव पास कर दूँ। अगले जन्म में अगर भगवान पूछें तो यही कहूँगा—'मुझे आलोचक बनाना।' मैंने पहले से तैयार टेम्पलेट रखे हैं; बस नाम बदलकर किसी की भी आलोचना प्रकाशित कर सकता हूँ। 'सम' और 'विषम' का अपना फॉर्मूला रहेगा—मेरे गुट की रचनाएँ सम, दूसरों की विषम। अगर शरीर थोड़ा बलशाली हुआ तो साहित्यिक सेमिनारों में लात-घूँसे भी चला दूँ—क्योंकि आजकल विचारों से नहीं, हाथों से विमर्श होता है। दो-चार अकादमियों की कुर्सियाँ मिल जाएँ, सरकारी खर्चे पर विदेश भ्रमण हो जाए तो और भी अच्छा—क्योंकि हिंदी का प्रचार भारत में नहीं, विदेश में जाकर ही संभव है! वहाँ के साहित्य को हिंदी में अनुवाद करके हम उसे 'भारतीय' कह देंगे—अंतरराष्ट्रीयता का नया फॉर्मूला यही है।



# उच्च स्तरीय राजनीति की विशेषताएं

**उच्च स्तरीय राजनीतिक परिदृश्य में हंगामे, नारेबाज़ी और हुल्लड़ के सहारे कहीं का भी नजारा बदल दिया जाता है। कहीं और का मामला कहीं दूसरी जगह लाया जाता है। दुनिया की बेहद महत्त्वपूर्ण चीज़, 'माफी' मांगने के लिए कहा जाता है। ऐसा लगता है माफी न होकर स्वादिष्ट चाट हो जिसके खाने से गुस्सा मानसिक संतुष्टि में बदल जाएगा।**

कुछ क्षेत्रों, व्यक्तियों और चीजों की विशेषताएं सभी को पता होती हैं लेकिन कुछ दिन बाद फिर से कोई बता दे तो तरोताज़ा होती रहती हैं। राजनीति क्षेत्र में भी ऐसी परम्परा है। राजनीति ज़िंदगी को हर तरफ फूल सजे मतभेदों का मैदान बनाए रखती है जहां बड़े से लेकर छोटे राजनेता अलग अलग खेल खेलते रहते हैं। विरोधी के खिलाफ ज़बानी तीर चलाते समय मर्यादा तोड़ना ही असली खेल माना जाता है। इन्हीं यशस्वी खिलाड़ियों द्वारा रैलियों में आपत्तिजनक वैमनस्य फैलाते अपशब्दों के जलते भूनते मसाले में पकाए नारे लगाना ज़रूरी होता है तभी शारीरिक जोश बना रहता है।

दूसरे के पद की गरिमा भूलने से पहले, अपनी गरिमा भूल जानी चाहिए ताकि दूसरे के पद की गरिमा भूल जाना आसान हो जाए और शालीनता भाग जाए। इस सन्दर्भ में भाषाई मर्यादा की दीवार तोडनी पड़ती है। इसका राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक फायदा यह है कि समाज पर कई तरह का असर पड़ता है। इसे हम कुअसर या सुअसर नहीं कह सकते क्योंकि समाज बहुत सभ्य और समझदार होता जा रहा है। कई बार होता है, टिप्पणी की जाती है जो काफी सख्त किस्म की होती है फिर कहा जाता है कि संवैधानिक पदों पर विराजे नेताओं के बारे बेहतर भाषा का प्रयोग करना चाहिए जिसमें शाब्दिक मर्यादा हो। इस बात का भी असर होना ही चाहिए। लेकिन चूंकि उम्दा राजनीति की चारित्रिक विशेषता के अंतर्गत किसी भी रंग और आकार के शब्दों का असर नहीं लेना चाहिए, इसलिए नहीं लिया जाता। वह बात दीगर है कि संवैधानिक पदों पर विराजे नेताओं के मुखमंडल द्वारा, सामान्य नेताओं, विपक्ष या आम आदमी बारे प्रयोग की जाने वाली भाषा बारे कोई नर्म बात तो नहीं की जाती। कहते तो हैं कि इस वजह से सवैंधानिक संस्थाओं का सम्मान मिलने लगता है। कई बार गिर भी जाता है लेकिन अधिकांश नेता तो सम्मान को सामान ही समझते हैं। विरोध के अधिकार को तो वैसे भी सुरक्षित माना जाता है। उच्च स्तरीय राजनीतिक परिदृश्य में हंगामे, नारेबाज़ी और हुल्लड़ के सहारे कहीं का भी नजारा बदल दिया जाता है। कहीं और का मामला कहीं दूसरी जगह लाया जाता है। दुनिया की बेहद महत्त्वपूर्ण चीज़, 'माफी' मांगने के लिए कहा जाता है। ऐसा लगता है माफी न होकर स्वादिष्ट चाट हो जिसके खाने से गुस्सा मानसिक संतुष्टि में बदल जाएगा। इस मनोरंजक गतिरोध के दौरान कई अहम राजनीतिक परेशानियां इक्कठी होकर कॉकटेल पार्टी करती हैं। उन्हें लगता है कहीं उनका समाधान निकाल लिया गया तो ऐसा मौका कम होता जाएगा। आक्रामकता के झंडे हिलाते हुए पक्ष और विपक्ष दोनों को, बेचारा वक़्त हाथ जोड़कर समझाता रहता है। मगर उसकी कौन सुनता है। राजनेता उससे पूछते हैं, तुम कौन हो जो हमें समझाने की हिमाकत कर रहे हो। बेशर्मी बार बार ठहाका लगाकर हंसती है, जिस तरह सिर्फ पैसा कमाने के लिए बनाई कमर्शियल फिल्म में नर्तकी, आइटम डांस में फूहड़ तरीके से मुस्कुराकर शरीर प्रदर्शन करती है।

राजनीति का व्यवसाय तो चलता ही रहता है। बीच बीच में गधों और खच्चरों को घोड़ा बनाकर पशु व्यापार भी कर लिया जाता है जिससे दूसरे जानवर भी बहुत खुश रहते हैं। उन्हें लगता है कभी न कभी उनका नंबर भी ज़रूर आएगा। राजनीति के मोहल्ले में आशा ही जीवन होता है।

# सरकारी अफसर का कुक



जीवन में खाना बहुत ज़रूरी है। कुछ सरकारी अफसरों को कुक भी दिया जाता है। बताया जाता है कि कुक एक व्यावसायिक बंदा होता है जिसे पता होता है कि कौन सी सब्जी कैसे काटी और पकाई जाती है। साहब और साहिबा का मूड संतुलित रखने के लिए क्या पकाया जाना चाहिए। उसे कुछ भी पकाने में अपना सिर और अनुभव खपाना आता है।

एक बार मिली ज़िंदगी में भी इंसान काफी कुछ कर सकता है। नेता बन सकता है। सरकारी ठेकेदार भी बन सकता है। लेकिन बहुत और बड़ी कोशिशों के बिना सरकारी अफसर नहीं बन सकता। बहुत मेहनत का काम है सरकारी अफसर बनना और वो भी ऊंची कुर्सी वाला। खूब पढ़ना पड़ता है। एक बार मेहनत कर अफसर बन जाओ और मिल मिलाकर पोस्टिंग का जुगाड़ हो जाए तो ज़िंदगी वाह वाह करने लगती है। लोगों का नजरिया बदल जाता है जी। विशेषकर सुन्दर अविवाहित लड़कियों और उनके अभिभावकों का। वैसे तो आजकल लड़कियां अपना कैरियर बनाने में लगी रहती हैं, खाना पकाना सीखना तो छोड़ो, खाना खाने की सुध नहीं रहती। जीवन में खाना बहुत ज़रूरी है। कुछ सरकारी अफसरों को कुक भी दिया जाता है। बताया जाता है कि कुक एक व्यावसायिक बंदा होता है जिसे पता होता है कि कौन सी सब्जी कैसे काटी और पकाई जाती है। साहब और साहिबा का मूड संतुलित रखने के लिए क्या पकाया जाना चाहिए। उसे कुछ भी पकाने में अपना सिर और अनुभव खपाना आता है। आजकल की गृहणियों की तरह नहीं जिनके लिए खाना पकाना सीखने के लिए दर्जनों चैनल हैं और हजारों वीडियो लेकिन उन्हें समझ नहीं आता कि शाम को क्या पकाएं। महिलाओं की आपसी बातों में ख़ास विषय होता है यार समझ नहीं आ रहा कि शाम को क्या पकाएं। आजकल तो कुछ मिनट में खाना हाज़िर करवा दिया जाता है क्यूंकि अब वह ज़माना अब जा चुका जब खाना बनाना हर घर की महिलाओं को आता था वे पेट से होकर पुरूषों के दिल तक पहुंच जाती थी। इस सच को कई सरकारें समझती हैं, उन्हें पता है घर का खाना बढ़िया होता है। अफसरों को खाना तो अच्छा मिलना ही चाहिए इसलिए घर पर कुक भी सप्लाई किया जाता है। पत्नी की अफसरी भी खुश और बरकरार रहती है। अफसर तनाव रहित रहकर सरकार चलाने में उम्दा काम करते हैं लेकिन सभी को कुक नहीं मिलता तो पंगा होने लगता है। उनके यहां है तो हमारे यहां क्यूं नहीं। बस यहीं से जुगाड़ का पकना शुरू हो जाता है। छोटा अफसर बड़े को पटाता है और कुक रखने के लिए आउट सोर्सिंग शुरू हो सकती है।

बेचारे सरकारी खजाने पर कुक भार भी बढ़ता जाता है। सरकारी अफसर क्या नहीं कर सकते, करते भी हैं, करवा भी सकते हैं। सालों साल कुक योजना पका सकते हैं। स्वादिष्ट शैली में सब पकाया और खाया जा रहा होता है लेकिन कहीं न कहीं से कमबख्त खुशबू लीक हो जाती है जो शिकायत करती है कि नियमों का मसाला प्रयोग नहीं किया गया। भारी भरकम प्रशासन संभालने वालों को अच्छा खाना मिलना ही चाहिए। यह भी ज़रूरी तो नहीं कि उनकी पत्नी ही उनके लिए खाना बनाए। व्यावसायिक कुक बड़ा महत्त्वपूर्ण काम करता है। घर का खर्च बचाता है। सभी घर वालों के स्वाद का ख्याल रखता है। सब्जी खुद लाता है। वह एक विश्वसनीय व्यक्ति जो पूरे परिवार के लिए करता है, घरवाले एक दूसरे के लिए नहीं कर सकते। कुछ लोग नहीं चाहते कि सरकारी पारिवारिक काम सुचारु रूप से चले। वे चाहते हैं कि कुछ अफसरों को छोड़कर बाकी खुद ही खाना पकाएं या फिर..। सरकारी अफसर का कुक होना आसान नहीं।


कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप



मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
पता: टकसाल सिनेमा के सामने (नियर ताज होटल) नदेसर, वाराणसी
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पुरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी (लिगामेंट सर्जरी) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170